एक साथ पांच चिताएं जलते देख गमगीन हुआ माहौल

प्रभारी मंत्री, सांसद व अन्य अधिकारी पहुंचे, दोषी उपयंत्री, एसडीओ व सीईओ के विरुद्ध कार्यवाही करने को लेकर परिजनों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

पन्ना, 27 मई. अजयगढ़ में कल ग्राम पंचायात बीहरपुरवा में ग्राम पंचायत की ओर से खुदाए जा रहे कुएं पर पांच मजदूरों की मिट्टी में दबकर मौत हो गई थी जिसका रेस्क्यू करके दोपहर को शव निकले जा चुके थे शाम को पोस्टमार्टम भी किया जा चुका था.

परिजनों ने शाम को शव लेने से इनकार कर दिया था जिससे शवग्रह में ही पांचो मजदूरों के शव रखे रहे परिजनों की मांग थी कि अन्य शासकीय अमले के दोषी तकनीकी अधिकारी उपयंत्री,एसडीओ तथा सीइओ जनपद पंचायत सतीष नागवंशी पर भी एफआइआर दर्ज कर क?ी कार्यवाही की और मृतकों को मुआवजा दिया जाए ।आज सुबह ग्रामीण परिजन सैक?ों महिलाएं माधवगंज चौराहे पर एकत्रित हुई और दोषियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने एवं मृतकों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने को लेकर चक्का जाम कर दिया जिससे पन्ना बांदा की ओर आने जाने वाले सभी यात्री वाहन यात्री रुके रहे यह घटनाक्रम करीब 1 घंटे चलता रहा चका जाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार सुरेंद्र कुमार थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा करके भारी मशक्कत के बाद आवागमन बहाल किया ।तो फिर करीब 12 बजे करीब ग्रामीण थाने पहुंच गए और थाने में भी बवाल करते रहे और मामला कायम कर रिपोर्ट की प्रति की मांग करते रहे जो काफी देर घटनाक्रम चलता रहा पुलिस ने मामला कायम कर सरोज पटेल सरपंच, संतोष पटेल एवं रामबाबू पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला कायम कर परिजनों को रिपोर्ट की कॉपी तब कहीं परिजन शव लेने को तैयार हुए।

कागजों पहले ही काम पूरा होने की चर्चाएं-

जिस कूप का निर्माण कार्य करते समय पांच मजदूर काल के गाल में समा गए जनचर्चा है अपुष्ट सूत्रों से पता चला है कि वह पहले ही पूरा हो चुका है यदि इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए ब?ा खुलाशा हो सकता है

पांच चिताएं एक साथ जलीं,माहौल हुआ गमगीन

अजयग? से 2:30 बजे करीब एंबुलेंस में शवों को रखकर मृतकों के घर ले जाया गया जिसमें चुन्नू यादव के पुत्र मुंबई में काम करते थे वह शाम 5 बजे करीब गांव पहुंचे इसके बाद पांचो मृतक मजदूरो का अंतिम संस्कार किया गया पांचो चिताएं जब जली तो पूरे गांव का गमगीन माहौल हो गया उपस्थित लोगों के आंखों में आंसू आ गए गांव में चीख पुकार का माहौल निर्मित हो गया परिजनों ग्रामीणों का रो रो कर बुरा हाल हुआ गांव के ही श्मशान में अंतिम संस्कार हुआ ।अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय सांसद सहित क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रभारी मंत्री इंदर सिंह पन्ना कलेक्टर उषा परमार पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एसडीएम संजय नागवंशी तहसीलदार सुरेंद्र कुमार सहित जन प्रतिनिधि ग्रामीण अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसपी रेल ने किया जीआरपी चौकी का निरीक्षण

यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सतना 27 मई. जबलपुर रेल मंडल के रेल पुलिय अधीक्षक सुंदर सिंह कनेर ने बुधवार को जीआरपी चौकी सतना का निरीक्षण किया. इस दौरान पुलिस बल की कार्यप्रणाली का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए.

एसपी रेल सुंदर सिंह कनेर बुधवार को जीआरपी चौकी सतना में पहुंचे. जिसके बाद उन्होंने चौकी के रिकार्ड की सघन जांच करने के साथ ही पुलिस बल की कार्यप्रणाली जायजा भी लिया. जिसके बाद एसपी रेल द्वारा जीआरपी कर्मियों के साथ बैठक करते हुए अपराधों की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि रेल अपराध किसी एक जिले तक सीमित नहीं होत. लिहाजा सभी थाना और चौकी के बीच आपसी तालमेल अनिवार्य शर्त है. ताकि किसी भी तरह की घटना सामने आने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके. एसपी ने आगे कहा कि सतना महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जहां पर चौबीसों घंटे ट्रेनों की आवाजाही बनी रहती है. लिहाजा ट्रेन और प्लेटफार्म पर सक्रिय जेबकतरों, चोरों और चैन स्नेचरों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए.

आऊटर पर विशेष ध्यान

एसपी रेल श्री कनेर ने जीआरपी कर्मियों को निर्देश दिए कि आऊटर क्षेत्रों की सुरक्षा पर विशेष फोकस किया जाए . उन्होंने आगे कहा कि ट्रेन के रुकने या धीमी होने पर अपराधी आऊटर पर वारदातों को अंजाम देकर भाग निकलते हैं . लिहाजा इस तरह के सभी संवेदनशील प्वाइंट्स पर निरंतर कड़ी निगरानी की जाए . इस मामले में लू-पोल की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए .

रीवा में बनेगा कांग्रेस का नया भवन, प्रदेश अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 मई, रीवा में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कांग्रेस पार्टी के नए भवन की आज नींव रखी गई है. भवन विहीन कांग्रेस पार्टी का अपना कार्यालय ना होने से कांग्रेस नेताओं का स्थाई ठिकाना नहीं था, ऐसे में पुराने कार्यालय की जमीन पर नए भवन को बनाने के लिये आज पूरे विधि विधान से शिलान्यास किया गया है.

रीवा में कांग्रेस का अपना पुरान भवन था, जो कई वर्षों पूर्व जर्जर होने के बाद धराशाई हो गया था और भवन की जमीन लंबे से समय से खाली पड़ी थी. फिलहाल लंबे समस से कांग्रेस के नए भवन को बनाने की कवायद की जा रही थी. बुधवार को कांग्रेस के नये भवन की नींव का भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल, सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, एआईसीसी सह सचिव रणविजय लोचन, महापौर अजय मिश्रा बाबा व जिला अध्यक्ष इंजीनियर राजेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे है. बताया गया कि रीवा में कांग्रेस का नया भवन पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के मद सहयोग से बनेगा जिसकी नीव आज रखी गई. प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस भवन के निर्माण से संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान होगी. इसके साथ ही उन्होने भाजपा पर हमला बोलते हुए भाजपा की तुलना कैंसर की बीमारी से की.

जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 1 जून को

सतना 27 मई. जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 1 जून 2026 को टीएल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में आयोजित की जायेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास राजीव सिंह ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

ट्रैक्टर के ट्रॉली विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

माड़ा थाना क्षेत्र के नौढ़िया गांव की घटना, आधा दर्जन घायल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मई। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौढ़िया गांव में मंगलवार को दो पक्षों के बीच पुराना विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना में एक पक्ष के पॉच लोग घायल हुये हैं, जहां घायलों में महिलाएं व बच्चियां भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार वीरेंद्र पाल ने गांव के ही साहू परिवार से ट्रैक्टर-ट्रॉली भाड़े पर चलाने के लिए लिया था। कुछ समय बाद लकड़ी चोरी के मामले में वन विभाग द्वारा ट्रॉली जप्त कर कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साहू परिवार द्वारा ट्रॉली के पैसे की मांग की जा रही थी।

बताया जा रहा है कि इस विवाद के चलते वीरेंद्र पाल गांव छोड़कर काम के सिलसिले में बाहर चला गया था। दो दिन पहले ही वह वापस लौटा था। लौटने के बाद आज साहू परिवार के बलराम शाह, चन्दे शाह, समलजीत शाह, रंजीत शाह सभी निवासी कुल्हुई ने लामबंद होकर फरियादी राजेश पाल पिता बिहारी पाल के घर पहुंचे और ट्रॉली तथा पैसे की मांग को लेकर विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस मारपीट में राजेश पाल, वीरेंद्र पाल, अंगिता पाल, रेनू पाल और इन्द्रमति पाल, प्रियंका पाल घायल हो गए। वहीं साहू परिवार के तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि साहू परिवार ने राजेश पाल को 1 लाख रूपये का चेक भी दिया था ट्रॉली का। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर घायलों को जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

गुफा में कंबल में लिपटा मिला महिला का कंकाल

जंगल से लाश कंधे पर लाद कर लाए पुलिस वाले, दो दिन से पति भी लापता

नवभारत न्यूज

सीधी, 27 मई. जिले के कुसमी थानांतर्गत कुन्दौर गांव में एक गुफा से कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। बुधवार को जंगल के माटी डोंगर पहाड़ पर कंबल में लिपटा यह शव बरामद हुआ।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां जांच में कंकाल की पहचान करीब 15 दिन से लापता गुड़िया बैगा के रूप में हुई। पुलिसकर्मी महिला की लाश को कंधे पर लाद कर जंगल से बाहर लाए। यह गुफा सीधी जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित है, जहां पहुंचना दुर्गम है। ग्रामीणों ने दोपहर में गुफा के भीतर कंबल में लिपटा शव देखा और पुलिस को सूचित किया। पोड़ी चौकी और कुसमी थाना पुलिस जब मौके पर पहुंची और कंबल हटाया, तो शव पूरी तरह सड़-गलकर कंकाल में बदल चुका था। ग्रामीणों ने उसकी पहचान गुड़िया बैगा के तौर पर की। ग्रामीण सत्यवान बैगा ने बताया कि गुड़िया लगभग 15 दिनों से लापता थी।

उनका पति बुद्धसेन बैगा भी पिछले दो दिनों से गांव में नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पत्नी के लापता होने के बाद बुद्धसेन ने न तो उसे खोजने का प्रयास किया और न ही किसी को इसकी सूचना दी, जिससे मामले में संदेह बढ़ गया है। घटनास्थल पर थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी और चौकी प्रभारी डीके रावत सहित पुलिस टीम मौजूद रही । लगभग 30 वर्षीय महिला की मौत के इस मामले की जांच जारी है।

इनका कहना है

ग्रामीणों ने शव की पहचान गुड़िया बैगा के रूप में की है। महिला की हत्या की आशंका है। शव काफी पुराना है और उसे कंबल में लपेटकर गुफा में रखा गया था। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मौत के कारणों और घटनाक्रम का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

अरुण द्विवेदी
थाना प्रभारी कुसमी

सड़क हादसे में युवक की मौत, परिजनों से मिले देवसर विधायक

शोक संतप्त परिवार को दी 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता, ग्राम कर्सुआलाल पहुंचकर जताई गहरी संवेदना

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मई। देवसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कर्सुआलाल में सड़क दुर्घटना में युवक अशर्फी लाल जायसवाल की आकस्मिक मृत्यु के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

घटना की जानकारी मिलने पर देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम मृतक के निवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। विधायक ने परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसी अपने को खो देना जीवन की सबसे बड़ी पीड़ा होती है और इस दुख की भरपाई कभी संभव नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज और वे स्वयं पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से विधायक ने 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी भेंट की।

उन्होंने कहा कि यह राशि केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि दुख की घड़ी में आत्मीय सहयोग का प्रतीक है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी दिवंगत अशर्फी लाल जायसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

पमरे ने तीन सदस्यीय तकनीकी समिति गठित की

नवभारत न्यूज

सतना, 27 मई. खजुराहो, पन्ना नई रेल लाइन परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजना है।

इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा उच्च प्रशासनिक श्रेणी स्तर की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति गठित की गई है, जो मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट रेलवे प्रशासन को प्रस्तुत करेगी। रेल प्रशासन को प्रथम दृष्ट्या प्रतीत हुआ कि विस्तृत तकनीकी समीक्षा, भौतिक निरीक्षण एवं विशेषज्ञ मूल्यांकन के दौरान प्रारंभिक एजेंसी द्वारा प्रस्तुत एलाइनमेंट में कई गंभीर तकनीकी, सुरक्षा एवं क्रियान्वयन संबंधी समस्याएँ पाई गईं। इनमें अत्यधिक ढलान वाले अस्थिर स्थलों पर सुरंग पोर्टल, भूस्खलन का जोखिम, अपर्याप्त सुरंग आवरण, घने वन क्षेत्रों में अत्यधिक ऊँचे पुल, तीखे मोड़ तथा निर्माण एवं आपदा प्रबंधन की गंभीर चुनौतियाँ शामिल थीं। विस्तृत अध्ययन ने स्पष्ट रूप से एलाइनमेंट के पुन: डिज़ाइन की अनुशंसा की, ताकि परियोजना की सुरक्षा, व्यवहार्यता एवं दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके। परिणामस्वरूप, किलोमीटर 79.345 से 97.811 के बीच का संरेखण तकनीकी विशेषज्ञों एवं रेलवे अधिकारियों द्वारा पुन: परीक्षण के बाद संशोधित किया गया।

जमीन विवाद में रॉड एवं कुल्हाड़ी से हमला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मई। गढ़वा थाना क्षेत्र के बगदरा गांव बीती शाम करीब आधा दर्जन हथियार लैश होकर गुर्जर परिवार के घर में घुस कर बुजुर्ग महिला समेत चार लोगों को कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड एवं डंडे से बेरहमी से मारपीट करते हुये अधमरा कर दिये हैं।

विवाद का मुख्य कारण जमीनी बताया जा रहा है। वहीं पीड़ित पक्ष का आरोप है कि भाजपा सरकार में कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रही है।

जानकारी के अनुसार बगदरा निवासी फरियादी प्रद्युमन सिंह ने बताया कि तेज बहादुर वगैरह से जमीन संबंधी पुराना विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की शाम करीब 5 बजे तेज बहादुर सिंह अपने परिजनों के साथ भाड़े के गुण्डों को लेकर घर में घुस गाली-गलौज करते हुये कुल्हाड़ी एवं लोहे की रॉड व डंडे से हमला कर दिये। इस घटना में फरियादी की बुजुर्ग मॉ मुनिया देवी उम्र 55 वर्ष, सरिता देवी उम्र 27, रामप्रवेश सिंह उम्र 22 वर्ष एवं फरियादी को भी गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित ने यहां तक बताया है कि मॉ एवं सरिता के शरीर के किसी भी अंग को नही छोड़ा है, जहां पर बेरहमी से मारपीट न की गई हो। उसने यह भी बताया कि इस तरह की आरोपियों ने पहली मर्तबा मारपीट नही किया है.

चचेरे भाई पर बाइक जलाने का आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मई। जिले के जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटौली में पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया।

आरोप है कि एक युवक ने अपने ही चचेरे भाई के घर के पोर्च में बाइक खड़ी कर उसमें आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि घर का मुख्य दरवाजा जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है। कटौली निवासी अंकित दुबे के घर पर उनके चचेरे भाई ने अपनी बाइक लाकर पोर्च में खड़ी की और कथित रूप से उसमें आग लगा दी।

अवैध रेत उत्खनन पर संयुक्त दल ने की जांच, डंपर जब्त

नवभारत न्यूज

सीधी, 27 मई. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा के निर्देश तथा उप संचालक संजय टाइगर रिजर्व राजेश कन्ना टी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

जिला खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला एवं अधीक्षक सोन घ?ाल प्रमोद सिंह के मार्गदर्शन में 26 मई 2026 को वन विभाग और खनिज विभाग के संयुक्त दल ने विभिन्न स्थलों पर जांच कर कार्रवाई की। ग्राम बलियार, पोस्ट कोल्हूडीह, तहसील चुरहट में खनिज रेत के अवैध उत्खनन संबंधी शिकायत एवं 20 मई को वायरल वीडियो के आधार पर जांच की गई। जांच में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 77, रकबा 18.80 हेक्टेयर के हिस्से में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पाया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर संबंधित उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दौरान ग्राम पिपरोहर, तहसील गोपदबनास स्थित सोन नदी घाट से अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर जांच के दौरान एक बिना नंबर का डंपर (चेसिस क्रमांक एमएटी505351एच8के21923) जांच दल को आता दिखाई दिया। टीम को देखकर चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया गया। हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जब्त वाहन को सुरक्षार्थ कोतवाली थाना सीधी की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। संबंधित वाहन चालक एवं स्वामी के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम एवं खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

ROHA HOUSING FINANCE
GROW WITH YOUR OWN HOME

रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट संख्या 1117 और 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301।

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत उधारकर्ता को सूचना।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (आरएचएफपीएल) से ऋण लेने वाले निम्नलिखित उधारकर्ता आरएचएफपीएल को अपने ऋण की समान मासिक किश्तों (ईएमआई) का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उनके ऋण खाते को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ता(कों) ने आरएचएफपीएल को अचल संपत्ति/संपत्तियों की सुरक्षा प्रदान की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है। ऋण का विवरण और उधारकर्ता/कों द्वारा आरएचएफपीएल को आज तक बकाया और देय राशि भी नीचे दी गई है। उधारकर्ता(कों) के साथ-साथ आम जनता को भी सूचित किया जाता है कि आरएचएफपीएल के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) के प्रावधानों के तहत निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यदि निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) इस सूचना के 60 (साठ) दिनों के भीतर अपने नामों के सामने इंगित बकाया राशि चुकाने में विफल रहते हैं, तो अधोहस्ताक्षरी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत सुरक्षित लेनदार को प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचे वर्णित संपत्ति/संपत्तियों से लेन-देन न करें।

स. क्र.	उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/ऋण खाता संख्या/शाखा का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि	सुरक्षित संपत्ति(यों) (अचल संपत्ति/संपत्तियों) का विवरण
1	LAN: LAREWALPRS000005019349 / शाखाः रीवा 1. राजेश कुमार जयसवाल, 2. अर्चना जयसवाल, 3. जीवनलाल जयसवाल दोनों पता 1: केशवही ओ केशवही सीधी, मध्य प्रदेश- 486661, भारत। 2 पताः मौजा:केशवाही, खसरा नंबर का हिस्सा। 133/1/1,तहसील बहरी जिला सीधी पिन-486661, मध्य प्रदेश, भारत।	14.05.2026 और रू. 947168/- 13.05.2026 तक	संपत्ति का वह भाग, जिसका पता इस प्रकार है: मौजाः केशवाही, खसरा संख्या का भाग। 133/1/1, तहसील बाहरी, जिला सीधी, पिन कोड 486661, मध्य प्रदेश, भारत।
2	LAN: LAREWALPRS000005017068 / शाखाः रीवा 1. छोटेलाल जयसवाल, 2. सुकवरिया जयसवाल दोनों पता 1: ग्राम-डोल पोस्ट तरका, तहसील बाहरी, थाहा-बहारी, डीओएल, तारका, सीधी मप्र-486661। 2 पताः खसरा नंबर-133/1, मौजा केशवही, पीएचएन-51, रिक देवगवां, तहसीलबहारी, जिला-सीधी, मध्य प्रदेश-486661, भारत।	14.05.2026 और रू. 1166354/- 13.05.2026 तक	संपत्ति का वह सब हिस्सा और पार्सल असर संपत्ति का पताः खसरा नंबर-133/1, मौजा केशवही, पीएचएन-51, रिक देवगवां, तहसील-बहरी, जिला-सीधी, मध्य प्रदेश-486661, भारत।

दिनांक - 28.05.2026
स्थान - सतना

प्राधिकृत अधिकारी,
रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99